प्रेस–विज्ञप्ति 07.03.2020

आज दिनांक **07 मार्च, 2020** को सायं **06:30 बजे** मर्चेंट्स चैम्बर ऑफ उत्तर प्रदेश एवं लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी के साथ चिराग क्रिएशन्स लुधिआना, तथा शालिनी स्कूल्स कल्चरल सोसाइटी संयुक्त तत्वाधान में प्रख्यात शायर शाहिर लुधियानवी की काव्य नग्मों को गुनगुनाने के लिए सांस्कृतिक सत्र आयोजित किया गया। कलाकारों की एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मर्चेंट्स चैम्बर के अध्यक्ष श्री मुकुल टंडन, दैनिक जागरण ग्रुप के चैयरमैन श्री योगेंद्र मोहन गुप्ता, अकादमी के कोषाध्यक्ष श्री पवन गर्ग व श्रीमती आदर्श त्रिपाठी एवं डॉ. वेद त्रिपाठी ने दीप प्रज्जवलन करके किया।

तत्पश्चात चिराग क्रिएशन्स के निदेशक श्री कुलदीप चिराग ने साहिर जी के जीवन के खास पहलुओं पर प्रकाश डाला।

इसके बाद देश की सुविख्यात गायिका डॉ. शालिनी वेद ने साहिर की प्रसिद्ध नज्म अपने माजी .... पेश किया। इसके अलावा साहिर जी के फिल्मी गीत "संसार से भागे फिरते हो..........", "तुम अपने रंजो गम.........", "तुम मुझे भूल भी जाओ ये हक़ है तुमको ..... " प्रस्तुत किया।

इसके अतिरिक्त शहर के सुप्रसिद्ध गायक गोपाल शर्मा ने साहिर के फिल्मी गीत "मै जिंदगी का साथ निभाता चला गया.......... ", "कभी-कभी मेरे दिल में........", "मन ऐ तू काहे न धीर धरे......." प्रस्तुत किया।

तत्पश्चात शहर के उभरते हुए कलाकार अनुराग तिवारी ने साहिर के फिल्मी गीत "चलो एक बार फिर से अजनबी बन जाए हम दोनों ...... ", "यूं तो हमने लाख हंसी देखे है...... " पेश किया।

डॉ. शालिनी वेद व गोपाल शर्मा ने युगल गीत "जो वादा किया वो निभाना पड़ेगा ......" की मनमोहक प्रस्तुति दी। इसके अतिरिक्त डॉ. शालिनी वेद व अनुराग तिवारी द्वारा प्रस्तुत गीत "जिंदगी भर नहीं भूलेगी बरसात की रात ...... " श्रोताओं द्वारा सराहा गया।

साहिर का पसंदीदा गीत "मै हर इक पल का शायर हूँ....." को डॉ. शालिनी वेद, गोपाल शर्मा व अनुराग तिवारी ने पेश करके श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

इसके साथ हारमोनियम पर श्री राजकुमार सिंह, तबले पर श्री हरीश कुमार झां, सिंथेसाइजर पर गिरिजेश शर्मा, गिटार पर के.एम. शर्मा, ढोलक पर नितिन गुप्ता, ऑक्टोपैड पर रोशन ने सुन्दर सांगत की।

कार्यक्रम का संयोजन रीता वर्मा ने किया। इस कार्यक्रम का मिडिया पार्टनर 92.7 बिग एफ.एम. है।

आयोजित कार्यक्रम में श्री महेंद्र नाथ मोदी-सचिव, मर्चेंट्स चैम्बर, डॉ इंद्र मोहन रोहतगी, श्री जुगल किशोर गर्ग, राघवेंद्र गर्ग, सीए अक्षय गुप्ता, मर्चेंट्स चैम्बर के पदाधिकारीगण, सदस्यगण एवं लक्ष्मी देवी ललित कला अकादमी के सदस्यगण अपने परिवारीजनों के साथ उपस्थित थे।

धन्यवाद,